# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 29** **जुलाई-सितंबर 2021**

**प्रधान संरक्षक**

**सुश्री रंजना झा**

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**संरक्षक**

**सुश्री अर्चना नायक**

**संयुक्त आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल**

**संकल्पना और संपादन**

**श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,**

**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

---

## शुभकामनाएं



**बायीं ओर से श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार**


**श्री एम. अजित कुमार**

**केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार को केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के समस्त अधिकारियों की ओर से उनके केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सी.बी.आई.सी.), नई दिल्ली के सदस्य बनने पर ढेर सारी शुभकामनाएं। उन्होंने दिनांक 06.09.2021 को कार्यभार ग्रहण किया।**

**केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष श्री एम. अजित कुमार ने सदस्य श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार का हार्दिक स्वागत किए थे।**

## केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक में आयोजित हिंदी दिवस पर एक रिपोर्ट

हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के कर्नाटक में स्थित सभी आयुक्तालयों के लिए दिनांक 14.09.2021 को हिंदी दिवस संयुक्त रूप से मनाया गया था । सुश्री वाई.एन.वी. श्रीललिता एवं सुश्री वाई. श्रीनिधि सुपुत्री श्री वाई. सुब्रह्मण्यम, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु के प्रार्थना गीता के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल की संयुक्त आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.) श्रीमती अर्चना नायक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । माननीय गृह मंत्री महोदय का संदेश पठन नगर सीमा शुल्क आयुक्तालय, बेंगलूरु के संयुक्त आयुक्त श्री मशहूद उर रेहमान फारूक़ी ने किया । इस बार राजभाषा विभाग के आदेशानुसार ‘‘राजभाषा प्रतिज्ञा’’ केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल की संयुक्त आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.) श्रीमती अर्चना नायक द्वारा दिलाई गई ।




तदुपरांत अंचल की गृह पत्रिका **‘बृंदावन’** 2021 का विमोचन किया गया । पत्रिका का विमोचन सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के मुख्य आयुक्त श्री एम. श्रीनिवास के करकमलों से किया गया । केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय की वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्रीमती पद्मश्री बाबु ने राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत की । आगे, केंद्रीय कर, मैसूरु आयुक्तालय के प्रधान आयुक्त श्री संजय पंत साहब ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर विशेष भाषण दिया । फिर श्री एम. श्रीनिवास, सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल ने अध्यक्षीय भाषण से उपस्थित दर्शकगण को आशीर्वाद दिया । सीमा शुल्क, मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु में कार्यरत वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्रीमती एन.उषा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ । मंच संचालन केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री वाई.सुब्रह्मण्यम ने किया ।


केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के तत्कालीन प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार के आदेश पर सितंबर, 2021 माह के दौरान हिंदी पखवाड़ा मनाया गया जिसके अंतर्गत हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के लिए हिंदी की प्रतियोगिताएं, जैसे हिंदी कविता पाठ (स्व रचित), हिंदी आशुभाषण तथा हिंदी गीत गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिसमें केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के अधीन बेंगलूरु में स्थित आयुक्तालयों में कार्यरत अधिकारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।



दिनांक 01.09.2021 को आयोजित हिंदी कविता पाठ(स्व रचित) प्रतियोगिता में सरकारी कला महाविश्वविद्यालय, बेंगलूरु के सह-प्रोफेसर डॉ.प्रभु उपासे निर्णायक के रूप में उपस्थित थे।





दिनांक 02.09.2021 को आयोजित हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता में हिंदी शिक्षण योजना, चेन्नै के सहायक निदेशक श्री कोमल सिंह चौधरी निर्णायक के रूप में उपस्थित थे ।



दिनांक 03.09.2021 को आयोजित हिंदी गीत गायन प्रतियोगिता में दूरदर्शन केंद्र, बेंगलूरु के सेवानिवृत्त हिंदी अधिकारी डॉ.एम. वरदराज निर्णायक के रूप में उपस्थित थे ।

## हिंदी कार्यशाला





दिनांक 16.09.2021 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के समूचे कर्नाटक में कार्यरत मुख्य लेखा अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के लिए सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा **ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला** का आयोजन किया गया । पूर्वाहन के सत्र में डी.आर.डी.आर., बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी डॉ.एस.एन. महेश और अपराहन के सत्र में एच.ए.एल. के सेवानिवृत्त उप महा प्रबंधक (राजभाषा) डॉ.शंकर प्रसाद ने व्याख्यान दिया ।

## स्वतंत्रता दिवस

**केंद्रीय कर और सीमा शुल्क तथा आयकर विभागों द्वारा बेंगलूरु केंद्रीय राजस्व भवन के परिसर में स्वतंत्रता दिवस संयुक्त रूप से मनाया गया। दिनांक 15 अगस्त 2021 को स्वतंत्रता दिवस पर कर्नाटक व गोवा क्षेत्र, बेंगलूरु के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त श्री डी.सी. पटवारी जी ने ध्वजारोहण किया।**







इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।
**आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**